# स्पिड संदेश

SPID SOCIETY

अक्टूबर–दिसम्बर 2016 संस्करण–1 स्पिड सोसाइटी द्वारा दिल्ली से प्रकाशित त्रैमासिक–पत्रिका


# स्पिड ने मनाया विश्व एड्स दिवस समारोह

1 दिसम्बर 2016 को स्पिड सोसाइटी द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर सनातन धर्म मन्दिर,पंखा रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली में ए०एच०एफ०इण्डिया के सहयोग से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री राजेश ऋषि एवं श्री महेन्द्र यादव के साथ दिल्ली के विभिन्न एन०जी०ओ०सदस्य, समाजसेवी, आंगनवाडी कार्यकर्ती तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान एक रैली का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि श्री राजेश ऋषि ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में लगभग 300 लोग उपस्थित थे। समुदाय के विभिन्न वर्गों को एच०आई०वी/एड्स के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड नाटक का भी आयोजन किया गया। 'सावधानी ही सुरक्षा है' के विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने एच०आई०वी/ एड्स के प्रति अपने मनोभाव को कागज पर पेन्टिंग के माध्यम से दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की तरफ से निःशुल्क एच० आई० वी० जॉच शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें कण्डोम के उपयोग के बारे में लोगो को बताया गया तथा मुफ्त कण्डोम का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने स्पिड के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो की सराहना की और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम कराने के लिए संस्था से आग्रह किया ।स्पिड सोसाइटी के निदेशक श्री अवधेश










यादव ने मुख्य अतिथियों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। – राजु कुमार

## एड्स जागरूकता की दिशा में स्पिड की सराहनीय भूमिका

ज्ञात्वय है कि, स्पिड सोसाइटी द्वारा विगत 4-5 वर्षो में उत्तर प्रदेश और दिल्ली के विभिन्न जगहों पर एच० आई० वी० / एड्स शिविर के माध्यम से लगभग 35 से 40 हजार लोगो की एच० आई० वी० जॉच किया गया, जिसमें लगभग 500 लोगों की पहचान की गई तथा उन्हे निःशुल्क दवा के लिए ए० आर० टी० से जोडा गया। जिसमें महिला, पुरूष तथा बच्चे शामिल हैं ।

इसके अलावा उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों (जैसे - एम० एस० एम०, एफ० एस० डब्ल्यू०, आई० डी० यू०, टी० जी०) में भी शिविर के दौरान एच० आई० वी०/ एड्स से संक्रमित व्यक्तियों का पता लगाया जाता है और उन्हें आई० सी० टी० सी० और ए० आर० टी० से आगे के इलाज तथा उससे सम्बन्धित दवाईयों तथा अन्य उपलब्ध सुविधाओं के लिए जोडा जाता है। इसके बाद काउन्सलिंग के माध्यम से नये एच० आई० वी० संक्रमण की गति को कम करने का प्रयास किया जाता है। साथ ही लोगो में कण्डोम के सही प्रयोग के तरीकों को बता कर इसे प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाता है । ऐसे शिविर समुदाय में एच० आई० वी०/एड्स के प्रति जागरूकता बढाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ।

– आगरा टीम

# आसमां के पार.....एक और जहां

श्रद्धानन्द मार्ग, नई दिल्ली पर स्थित स्पिड एस०एम० एस० सेण्टर 1 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चो के लिए कार्य करती है। ये वो बच्चे है, जिनकी मातायें वेश्यावृत्ति में लिप्त हैं।

जो अपनी सामाजिक पहचान हासिल करने में रोज एक नई लडाई लडतें हैं। इस सामाजिक पहचान की लडाई में उन्हें बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पडता और सामने दिखता हैतो एक अन्धेरा भविष्य। स्पिड सोसाइटी पिछले कई वर्षो से इन बच्चों के रहने, खाने तथा उनके पढाई पर कार्य कर रही है तथा उन्हें समाज में अपनी एक पहचान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संस्था इन कार्यो के लिए विभिन्न विभागों, संस्थाओं



तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित हो चुकी है। धीरे धीरे जब ये बच्चे युवा होने लगते हैं तो उनकी जरू-रतें भी बढने लगती हैं जैसे - उनके आगे की शिक्षा तथा रोजगार आदि । उनकी इन्हीं जरूरतो तथा उनसे सम्बन्धित परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संस्था की वाइस प्रेसिडेण्ट श्रीमती ललिता और संस्था के निदेशक श्री अवधेश यादव की कडी मेहनत से संस्था ने ऑफ्टर केयर होम की व्यवस्था की है। इस केयर होम में अभी18 साल से उपर की बालिकायें रह रही हैं तथा संस्था उनकी उचित जरूरतों को पूरा कर रही हैं।संस्था चाहती है कि आगे चलकर ये बच्चे भी समाज में अन्य लोगों की तरह एक सम्मानित जीवन जी सकें।

स्पिड एस०एम०एस० सेण्टर

# संपादकीय

'स्पिड संदेश' स्पिड सोसाइटी संस्था द्वारा प्रकाषित एक त्रैमासिक पत्रिका है। जिसका प्रकाशन संस्था के द्वारा बनायी गयी सम्पादकीय टीम के माध्यम से किया जा रहा है। इस पत्रिका के माध्यम से हम स्पिड संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक प्रयासों को आप सब के सामने लाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि समाज के हर वर्ग तक संस्था द्वारा चलाये जा कार्यक्रमों को पहुँचाया जाए।

यहाँ हम पत्रिका के प्रथम संस्करण के साथ उपस्थित है। जिसमें अक्तूबर से दिसम्बर,16 माह में हुई गतिविधियों को संकलित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि संस्था पिछले 13 वर्षो से अधिकारिक रूप से और उससे पहले ना जाने कितने वर्षो से समाज सेवा के कार्य में लगी है तथा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हमारी संस्था दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के आगरा, चन्दौली, वाराणसी आदि स्थानों पर पुरी सक्रियता के साथ विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यो का निष्पादित कर रही है।

अपनी नियमित गतिविधियों के साथ-साथ, संस्था द्वारा समय-समय पर विषेष दिवसों का भी आयोजन किया जाता है जैसे- अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, आदि, जिसका उद्देश्य समाज में उन विशेष दिवसों के प्रति लोगों में जागरूकता बढाना है।

इस पत्रिका के माध्यम से हम आप सब को संस्था के और नजदीक लाना चाहते है साथ ही हम यह भी आशा करते हैं कि इस पत्रिका से सम्बन्धित आप अपने बहुमुल्य सुझाव हमें आवश्य भेजें। आपके सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आपके सुझाव ही वो माध्यम हैं जिनसे हम अपने निरंतर आगे बढने की प्रक्रिया को गति प्रदान कर सकते हैं।

आप अपने विचार हमें निम्न पते पर भेज सकते हैं :-


'स्पिड संदेश'
स्पिड सोसाइटी,
डब्ल्यु जेड-1374/ए, द्वितीय तल,
कृष्णा भवन, नागंल राया, नई दिल्ली-46,
09311257097
www.spidsociety.org
sandesh@spidsociety.org


- सुधान्शु शेखर, मुख्य सम्पादक

# गाँधी जयन्ति पर स्वच्छ भारत अभियान का बिगुल

स्पिड सोसाइटी द्वारा विभिन्न सेण्टरो पर गाँधी जयन्ति तथा स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें गाँधी जी के विचारो पर प्रकाश डाला गया तथा वर्तमान समय में गाँधी विचारधारा के औचित्य पर चर्चा की गई।

नांगलोई सेण्टर पर इस कार्यक्रम की शुरूआत गाँधी जी द्वारा गाये जाने वाले भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये...' को गाकर किया गया। फिर विद्यार्थीयों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयेजन किया गया, जिसमें गाँधी जी के अफ्रीका प्रवास तथा भारत विभाजन के समय साम्प्रदायिक दंगों के बीच गाँधीजी के बलिदान की अहमियत से लोगोंको परिचित कराया गया। इस अवसर स्वच्छ भारत अभियान को लेकर एक रैली का आयोजन किया गया। एक सामुहिक नाटक द्वारा विद्यार्थीयों ने सितम्बर 2016 में घटित सर्वोदय विद्यालय, सुलतानपुरी रोड पर छात्रो द्वारा की गई एक अध्यापक की हत्या के विरोध के माध्यम से यह संदेश दिया कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचार 'सत्य और अहिंसा' के मार्ग का कितना औचित्य रह गया है। ऐसे ही कुछ और संदेश देने वाले कार्यक्रमों को विद्यार्थीयों द्वारा नाटक, कविता तथा गीत के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। अंत में संस्था के सहकर्मियों द्वारा भी गाँधी जी के विचारो को अपने जीवन में प्रदर्शित करने को कहा गया।



उत्तम नगर सेण्टर पर यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत अभियान पर केंन्द्रित था जिसके अर्न्तगत लगभग 100 छात्र और छात्राओं एवं सहकर्मियों ने सफाई अभियान में भाग लिया। इस अभियान के तहत उत्तम नगर के विभिन्न गलीयों की सफाई की गई। यह अभियान समुदाय को जागरूक करने तथा साफ-सफाई के महत्व को बताने के उद्‌देश्य से किया गया। सावदा घेवरा, श्रद्वानन्द मार्ग, आगरा, चन्दौली तथा वाराणसी के सेण्टरों पर भी गाँधी जी के विचारो पर प्रकाश डालते हुए अलग - अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

-मुकेश कुशवाहा तथा पूनम सिंह

## शैक्षणिक भ्रमण (एजुकेशनल टूर)

स्पिड एस० एम० एस० सेण्टर के द्वारा बच्चो के मानसिक विकास एवं अध्ययन के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन संस्था द्वारा माह अक्टुबर 2016 में किया गया। संस्था के कार्यकर्ताओं की देखरेख में लगभग 50 बच्चो के एक समूह के साथ नोयडा के किड्ज़ानिया में यह भ्रमण आयोजित किया गया। बच्चो ने वहाँ तरह-तरह के गतिविधियों में अपनी भागीदारी दी। वहाँ उपलब्ध गतिविधियों में रेडियो स्टेशन, फायर, गेम्स, समाचारपत्र, डान्स, बैकिंग लेन-देन, विभिन्न सामानो को बनाने की विधि, कला व चित्रकला, कम्प्युटर शिक्षा व स्वास्थ्य जाँच तथा उसमें उपलब्ध तमाम ज्ञानवर्धक व जीवन में उपयोग आने वाले हर तरह के काम शामिल हैं।

यह स्थान बच्चो के लिए एक नई दुनिया जैसी थी, जहाँ हर तरफ सीखने को कुछ नया दिख रहा था। जिसमें बच्चों ने पूरा उत्साह व आनन्द दिखाया। इन सभी ज्ञानवर्धक जानकारीयों के बाद बच्चो ने कोई भी एक कार्य को करने का निश्चय किया जिससे वो भविश्य में आत्म निर्भर हो सके।

-स्पिड एस०एम०एस० सेण्टर

## विश्व विद्यार्थी दिवस

भारत के राष्ट्रपति तथा 'मिसाइल मैन' की उपाधी से सम्मानित डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम के जन्म दिवस 15 अक्टुबर को विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्पिड संस्था ने भी इस दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन अपने उत्तम नगर तथा नांगलोई स्थित प्रशिक्षण सेण्टरो पर किया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्था के सदस्यों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान स्व० डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। जीवन में उनके संघर्षो की चर्चा की गई। अपनी आर्थिक और पारिवारिक परेशानियों के बावजूद उन्होने जीवन में बहुत सारी उपलब्धियाँ हासिल की जो हर किसी के लिए प्रेरणा स्रोत है। इन्हें बच्चो से बहुत प्यार था तथा ये बच्चो को भविष्य की कुंजी समझते थे।


इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। अन्त में विद्यार्थियों ने भी उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया।

-निहारिका

# पूरे जोश के साथ मना क्रिसमस

क्रिसमस पूरे विश्व में मनाये जाना वाला एक पर्व है, जिसे ईसाई धर्म के मसिहा 'यीसु' के जन्म के साथ सम्बन्धित किया जाता है। क्रिसमस की बात करते ही बच्चो में सांता क्लॉज की चर्चा आती है, जिसे क्रिसमस का पिता भी कहा जाता है जो क्रिसमस से जुडी एक लोकप्रिय पौराणिक परंतु कल्पित शख्सिय त है, जिसे अक्सर क्रिसमस पर बच्चों के लिए तोहफे लाने के साथ जोडा जाता है। स्पिड सोसाइटी के बच्चों ने भी अपने कॅरियर के प्रति संवेदना तथा कुछ अच्छा करने की इच्छा ने सांता क्लॉज से आशाएं बाँध लीं और क्रिसमस को पूरे जोश के साथ मनाने का निश्चय किया।

स्पिड सोसाइटी के विभिन्न सेण्टरो पर इस पर्व को धूम धाम से मनाया गया। श्रद्वानन्द मार्ग स्थित एस०एम०एस० सेण्टर के छोटे बच्चो के साथ - साथ उत्तम नगर तथा नांगलोई के



बडे बच्चो ने अलग - अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया। गीत संगीत, नृत्य तथा विभिन्न कला कृतियों के माध्यम से बच्चो ने एकता और शांति का संदेश दिया। अन्त में प्रत्येक सेंण्टर के संचालको ने बच्चो को केक तथा मिठाईयाँ देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

- राहुल कुमार एवं प्रीती कछवाया

# क्रिकेट मैच बना जागरूकता का माध्यम

स्पिड सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधा की जागरूकता हेतु एक क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन टेक महिंद्रा फाउण्डेशन की सहायता से दिनांक 16 दिसम्बर 2016 को हस्तसाल डी० डी०ए०मैदान, दिल्ली में किया गया। इस टुर्नामेंट का उद्घाटन जनलक्ष्मी फाइनेंसियल लिमिटेड से आयीं श्रीमती तब्बसुम और टाइम्स ऑफ इण्डिया से सेवानिवृत्त श्री विजय विनायक और स्पिड के निदेशक श्री अवधेश यादव के द्वारा फीता काट कर किया गया । यह टुर्नामेंट सोसाइटी के सदस्यों और सोसाइटी में कौशल प्रशिक्षण ले रहे और ले चुके बच्चों के बीच आयोजित किया गया। इस टुर्नामेंट में चार टीमों ने भाग लिया, जिसमें टीम-2 विजयी हुई जिसे पुरस्कार भेंट किया गया। इस टुर्नामेंट के दौरान स्पिड सोसाइटी के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगो को संस्था द्वारा चलाये जा रहे कौशल प्रशिक्षण के बारे में बताया गया तथा उन्हें नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न समुदायों से इस टुर्ना-मेंट के दौरान स्पिड सोसाइटी के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगो को संस्था द्वारा चलाये जा रहे कौशल प्रशिक्षण के बारे में बताया गया तथा उन्हें नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न समुदायों से आये प्रतिभागियों तथा दर्शको ने भी इस जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी दी तथा इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पाने में अपना सहयोग दिया। - राहुल कुमार






# कला और चित्रकला की प्रर्दशनी

स्पिड एस० एम० एस० सेण्टर के नेतृत्व में तथा वहाँ के बच्चो के अथक प्रयासों एवं ब्रिटिश वालटिंयर एण्टोना तथा उनके साथीयों के सहयोग से एक तीन दिवसीय कला एवं चित्रकला प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। दिल्ली के सफदरजंग डेवलपमेण्ट एरिया में आयोजित इस प्रर्दशनी की शुरूआत दिनांक 19-11-2016 को की गई। जिसमें विभिन्न संस्थाओं से जुडे सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्वयं सेवी संगठनों के साथ दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।




इस प्रर्दशनी को सफल बनाने हेतु पिछले छः महिनो से सेण्टर के बच्चों को कला व चित्रकला सम्बन्धित विषयो का प्रशिक्षण दिया गया । बच्चों ने भी इन कार्यो को करने में अपनी रूची दिखायी ।बच्चो के द्वारा बनायें हुए चित्रों ने दर्शको का मन मोह लिया। कुछ चित्र इतने सजीव लग रहे थे कि जैसे वो बोल उठें। उपस्थित अतिथियों एवं दर्शको ने इस प्रर्दशनी तथा संस्था के प्रयासों की सराहना की।-एस०एम०एस०

# एक मिस्ड कॉल से सारी जानकारी

स्पिड संस्था द्वारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में सखीयों (महिला कार्यकर्ताओं) के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजिकरण कराया जाता है,जिसमें उनको गर्भावस्था से लेकर बच्चे के एक वर्ष होने तक फोन के माध्यम से सारी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करायी जाती हैं । पंजिकरण के दौरान लाभार्थीयों के मोबाइल फोन को पंजिकृत करने के लिए एक मिस्ड कॉल करायी जाती है। उसके बाद उन्हें उनके मोबाइल पर आडियो संदेश के माध्यम से उनके स्वास्थ्य, आहार, टीकाकरण, बीमारीयों के लक्षण इत्यादी के बारे में जानकारी दी जाती है।

ज्ञातव्य है कि यह कार्यक्रम अरमान संस्था के सहयोग से चलाया जा रहा है । जिसमें पिछले तीन से चार



महिनो के दौरान संस्था द्वारा 5500 महिलाओं को इस महत्वपुर्ण जानकारी के लिए पंजिकृत किया गया है और वे इस सुविधा का लाभ उठा रहीं हैं। इसके अलावा स्पिड संस्था अपने स्टॉफ और सखीयों के माध्यम से, दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रो के डिस्पेन्सरी में बैठकर, वहाँ रोजाना आने वाली महिलाओं (जिनका प्रसव हो चुका है या जिन्होने अभी गर्भ धारण किया है) को इस सुविधा के अर्न्तगत पंजिकृत भी कर रही है। - अनिल मौर्या

# सहसाथी की कलम से

## लहर चली है स्पिड की...

लहर चली है स्पिड की,
बस्ती-बस्ती जायेगी।
लोगों से पहचान बनाकर,
उनका हक दिलवायेगी।
लहर चली है स्पिड की,
बस्ती-बस्ती जायेगी।
झुग्गी झोपडी वालो को
आवास की योजना बतायेगी।
श्रमिकों का अधिकार बताकर,
योजना का लाभ दिलवायेगी।
लहर चली है स्पिड की,
बस्ती-बस्ती जायेगी।
स्वास्थ्य, शिक्षा या हो पानी,
सबकी आवाज उठायेगी।
हाथ से हाथ मिला कर,
नया सवेरा लायेगी।
लहर चली है स्पिड की,
बस्ती-बस्ती जायेगी।
'सूचना के अधिकार' के द्वारा,
जनचेतना जगायेगी।
शिक्षण और प्रशिक्षण द्वारा,
जागरूक समाज बनवायेगी।
लहर चली है स्पिड की,
बस्ती बस्ती जायेगी।

- दिलीप कुमार और अनिल मौर्या

## मुस्कराहट का महत्व

अगर आप एक अध्यापक हैं और आप मुस्कुराते हुए कक्षा में प्रवेश करेंगे तो देखिये सारे बच्चो के चेहरों पर मुस्कान छा जाएगी।

अगर आप डॉक्टर हैं और मुस्कराते हुए मरीज का इलाज करेगें तो मरीज का आत्मविश्वास दोगुना हो जायेगा।

अगर आप एक ग्रहणी हैं तो मुस्कराते हुए घर का हर काम किजिये फिर देखना पूरे परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा।

अगर आप घर के मुखिया हैं तो मुस्कराते हुए शाम को घर में घुसेंगें तो देखना पूरे परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा।

अगर आप बिजनेस मैन हैं और आप खुश होकर कंपनी में घुसते हैं तो देखिये सारे कर्मचारियों के मन का प्रेशर कम हो जायेगा और माहौल खुशनुमा हो जायेगा।

अगर आप दुकानदार हैं और मुस्कराकर अपने ग्राहकों का सम्मान करेगें तो ग्राहक खुश होकर आपकी दुकान से ही सामान लेगा।

मुस्कुराइए - क्योंकि यह मनुष्य होने की पहचान है। एक पशु कभी भी नही मुस्कुराता।

- सुधांशु शेखर

# एक झलक

### प्रषिक्षण भ्रमण (एक्सपोजर विजिट)

स्पिड सोसाइटी द्वारा युवाओं को समय-समय पर विभिन्न स्थानो पर उनके प्रशिक्षण से सम्बन्धित व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) का आयोजन किया जाता है । जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के वाक् कौशल,बाजार नीति, उपभोक्ताओं के साथ व्यवहार तथा उनके संयम को संतुलित करना सिखाना होता हैजिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वागिंण विकास हो सके और उन्हें रोजगार पाने में आसानी हो सके।

अक्टुबर से दिसम्बर 2016 के बीच संस्था के विभिन्न सेण्टरो में इस प्रकार के प्रशिक्षण भ्रमणों का आयोजन किया गया।जिसके अर्न्तगत विद्यार्थियों को सुभाष नगर, दिल्ली में स्थित पैसिफिक मॉल तथा साकेत मॉल का भ्रमण कराया गया। जहॉं विद्यार्थियों ने सिखा कि- एक ग्राहक के साथ कैसे व्यवहार किया जाता है तथा मॉल के अन्दर होने वाले सभी कार्य जैसे - सामानो को अच्छे से व्यवस्थित करना, कार्यकारी से बात करके स्वयं को अवगत करना आदि।

– मुकेश कुशवाहा तथा पूनम सिंह

### स्वास्थ्य शिविर

स्पिड एस०एम०एस० सेण्टर, श्रद्वानन्द मार्ग,दिल्ली द्वारा दिनांक 15.11.2016 को सागर ट्रस्ट के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला,पुरूषो एवं बच्चो सहित लगभग 90लोगो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया शिविर में ऑखो तथा सामान्य बीमारीयों की जॉंच अनुभवी डाक्टरों द्वारा किया गया।

इसी दौरान कुछ लोागों को ऑख का चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। सामान्य रोग चिकित्सक डॉ० अंजली जी द्वारा लोगो के सामान्य बिमारियों का चेकअप किया गया। रोगियों को दवाईयॉं भी उपलब्ध करायी गई तथा उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए उचित सलाह भी दी गई। बढते हुए प्रदुषण को देखते हुए लोगो को साफ-सफाई, रहन-सहन और अच्छे खानपान के तरीके भी बताये।

-एस०एम०एस० सेण्टर

### आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम

स्पिड सोसाइटी द्वारा महिलाओं तथा लडकियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसके अर्न्तगत सावदा घेवरा क्षेत्र में एक सिलाई और कढाई प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूआत की गई जहॉं 24 लडकियों को प्रशिक्षित किया गया। ये लडकियां संस्था द्वारा बनाये जा रहे जरी की पोटली, पर्स और बनारसी पोटली आदि बनाती हैं जिससे उन्हें आर्थिक मदद मिलती है तथा स्वयं को आत्मनिर्भर बनाती हैं।

- रूख़साना

# जागरूकता कार्यक्रम

स्पिड संस्था द्वारा जागरूकता बढाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसके अन्र्तगत नांगलोई कॉलोनी में एक रैली का आयोजन किया गया।यह रैली स्पिड संस्था द्वारा नांगलोई में चलाये जा रहे कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की जागरूकता से सम्बन्धित था। जिसके लिए स्पिड स्टॉफ और विद्यार्थीयों द्वारा नांगलोई कैम्प नं०-2,पंजाबी बस्ती और वीना इन्कलेव में रह रहे निवासियों को कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी गई ।



ज्ञातव्य है कि संस्था द्वारा 18 वर्ष 35 वर्ष तक के सभी पुरूष व महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अर्न्तगत अंग्रेजी, कम्प्युटर, इन्टरनेट, व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ एक विशिष्ट कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाता है।कोर्स के साथही उन्हे साक्षात्कार के लिए तैयार कर, उनके रोजगार पाने में सहायता की जाती है।

रैली में संस्था के सहकर्मीयों ने गलियों के बीच-बीच में रूककर नुक्कड नाटक भी किये। सहकर्मीयों द्वारा ''हम होंगे कामयाब.. .'' का जोशीला गीत भी तालियों की गुंज के साथ गाया जिससे घरों में बैठे लोगो का ध्यान जागरूकता रैली की ओर आकर्षित हो।

इसीप्रकार उत्तम नगर तथा आसपास के क्षेत्रो कें विभिन्न स्थनों पर कैनोपी के माध्यम से भी लोगो में जागरूकता लाने की सफल कोशिश की गयी। जिसके तहत हस्तसाल, मिलाप नगर, शिव विहार, सुभाष नगर, रघुवीर नगर, तिलक नगर, जनकपुरी आदि के विभिन्न उपक्षेत्रो कैनोपी लगाई गयी तथा लोगों को संस्था द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

- अनिता

# समुदाय की कलम से

### दोस्ती जिन्दगी है......

दोस्ती जिन्दगी का एक नायाब तोहफा है
कभी खुशी कभी गम का झोंका है
सुना है रब अकेला रहता है,
उस नीले आसमां में
अपने रूप में दोस्त को भेजा है,
इस जहां में
दोस्ती, दिल्लगी, हँसी, खुशी, गम हो या आंसु
सब बॉंट लेते है दोस्त
कभी जो लगे हम अकेले हैं
आके गले लगा लेते हैं दोस्त
कभी खामोशी सी जब छायें
तो मुस्कान बन कर आते हैं दोस्त
बुँद जब बरसती है जिन्दगी में
आगे बढने का हौसला लातें हैं दोस्त
कुछ करने का जुनुन दिल में भरते हैं दोस्त
एक सच्चा खुबसुरत रिश्ता है दोस्ती का
जिन्दगी में जीना सीखाता है
चाहे कोई भी कुछ भी कर ले मगर,
सच्चा दोस्त हमेशा साथ निभाता है ।



पिंकी शेरगील
नांगलोई

### 'स्पिड संदेश' सम्पादकीय टीम

| | |
|---|---|
| अवधेश यादव | मुकेश कुशवाहा |
| सुधान्शु शेखर | अनिता |
| अनिल कु० मौर्या | प्रीति |
| निहारिका दास | श्रृष्टि कुकरेजा |
| राजु कुमार | विनित त्रिपाठी |
| पूनम सिंह | चन्द्रभान प्रजापति |
| राहुल कुमार | राजकुमार गौतम |
| अन्जु कुकरेजा | रमाशंकर |
| दिलीप कुमार | शमीम |





# बोलते चित्र
















प्रकाशनः स्पिड सोसाइटी, डब्ल्यु जेड-1374/ए, द्वितीय तल, कृष्णा भवन, नागंल राया, नई दिल्ली-46, 09311257097 www.spidsociety.org sandesh@spidsociety.org
मुख्य सम्पादकः सुधांशु शेखर, संकलनः अनिल कुमार मौर्या